Name: ______________________________ Date: ____________________

ध्वनि

प्रश्न-1 फूलों को अनंत तक विकसित करने के लिए कवि कौन-कौन-सा प्रयास करता है?

उत्तर ____

____

____

____

____

____

प्रश्न-2 वसंत ऋतु में आनेवाले त्योहारों के विषय में जानकारी एकत्र कीजिए और किसी एक त्योहार पर निबंध लिखिए।

उत्तर ____

____

____

____

____

____

____

____

www.educationwithfun.com

ध्वनि

प्रश्न-1 फूलों को अनंत तक विकसित करने के लिए कवि कौन-कौन-सा प्रयास करता है?

उत्तर फूलों को अनंत तक विकसित करने के लिए कवि उन्हें कलियों की स्थिति से निकालकर खिले फूल बनाना चाहता है। कवि का मानना है कि अभी - अभी उसके जीवन में वसंत की बहार आई है। इसलिए वह अपने कोमल हाथों को इन कलियों पर फेर कर उनमें एक नई सुबह को जागृत कर देगा। वह उनके आलस्य को दूर भगा कर और उनमें उत्साह का संचार कर देना चाहता है। अर्थात कवि युवकों के मन में निराशा की भावना को दूर कर उनको अमरता का द्वार दिखाना चाहता है।

प्रश्न-2 वसंत ऋतु में आनेवाले त्योहारों के विषय में जानकारी एकत्र कीजिए और किसी एक त्योहार पर निबंध लिखिए।

उत्तर वसंत ऋतु में कई त्यौहार मनाए जाते है, जैसे – वसंत-पंचमी, महा शिवरात्रि, होली आदि।

होली

होली बसंत ऋतु में मनाया जाने वाला भारतीय त्योहार है। यह अत्यंत प्राचीन पर्व है और साल के फाल्गुन महीने में मनाया जाता है। इस दिन सभी रंगो से खेलते है। इस दिन पर हम लोग खासतौर से बने गुजिया, पापड़, हलवा, पानी-पूरी तथा दही-बढ़े आदि खाते है। होली उत्सव के एक दिन पहले होलिका दहन किया जाता है। इसके पीछे एक लोकप्रिय पौराणिक कथा है।

भक्त प्रहलाद के पिता हरिण्यकश्यप स्वयं को भगवान मानते थे। वह विष्णु के विरोधी थे जबकि प्रहलाद विष्णु भक्त थे। उन्होंने प्रहलाद को विष्णु भक्ति करने से रोका जब वह नहीं माने तो उन्होंने प्रहलाद को मारने का प्रयास किया।

प्रहलाद के पिता ने अपनी बहन होलिका से मदद मांगी। होलिका को आग में न जलने का वरदान प्राप्त था। होलिका अपने भाई की सहायता करने के लिए तैयार हो गई। होलिका प्रहलाद को लेकर चिता में जा बैठी परन्तु विष्णु की कृपा से प्रहलाद सुरक्षित रहे और होलिका जल कर भस्म हो गई।

www.educationwithfun.com

यह कथा इस बात का संकेत करती है की बुराई पर अच्छाई की जीत अवश्य होती है। आज भी पूर्णिमा को होली जलाते हैं, और अगले दिन सब लोग एक दूसरे पर गुलाल, अबीर और तरह-तरह के रंग डालते हैं। यह त्योहार रंगों का त्योहार है।

भारत में होली का उत्सव अलग-अलग प्रदेशों में अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है। यह रंग भरा पर्व है जो कि भारतवासियों के द्वारा बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। होली अन्य सभी त्योहारों से थोड़ा हटकर है। इसका संदेश मौज-मस्ती और रंगो से परिपूर्ण है। मानव समुदाय अपने समस्त दुखों, उलझनों एवं संतापों को भुलाकर ही इस त्योहार को उसकी संपूर्णता के साथ मनाता है।

www.educationwithfun.com